Bareilly, Thursday,
31 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext



# स्टेट रैंकिंग टीटी टूर्नामेंट में भाग लेंगे 400 प्लेयर्स

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (30 July):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल और तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट पहली अगस्त से श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलोजी परिसर में शुरू होगा. तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सहयोग से होगा. इस टूर्नामेंट में शामिल होने बालक एवं बालिका की 12 कैटेगरी में 650 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा, रेनुकोट, अलीगढ़, झांसी, गौतम्बुद्ध नगर, कानपुर, मुरादाबाद और बरेली सहित 30 जिलों से करीब 400 खिलाड़ी शामिल होंगे. इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है.



## तीन को पुरस्कार वितरण

जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने दी. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन तीन अगस्त रविवार दोपहर एक बजे पुरस्कार वितरण से किया जाएगा. डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सचिव डा. दीपेंद्र कम्थान के अनुसार मुख्य निर्णायक की जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय ब्लू बैज अंपायर अमित सिंह निभा रहे हैं.

## करेंगे उत्साहवर्धन

अमित देश के पहले रैकेट कंट्रोलर हैं. एनके लाहिरी टूर्नामेंट डायरेक्टर के रूप में और एसबीआई के पूर्व मुख्य प्रबंधक और अंतरराष्ट्रीय रैफरी पीके जैन डिप्टी रैफरी के रूप में टूर्नामेंट में शामिल होंगे. जूनियर नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल भी टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बरेली पहुंचेंगे.